शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र)

BOARD OF APPRENTICESHIP TRAINING (NORTHERN REGION)

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग के अधीन स्वायत्त निकाय

An Autonomous Organization of Government of India, Ministry of Education, Department of Higher Education

सशक्त युवा, समर्थ भारत

विज्ञापन संख्या:बीओएटी(एनआर)/**2022/1** दिनांक **: 21.12.2022**

शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर में सीधी भर्ती के आधार पर विभिन्न पदों के लिए भर्ती

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : **06.02.2023** (**शाम** 06:00 **बजे तक)**

ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट की हार्डकॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि : **16.02.2023** (**शाम** 06:00 **बजे तक)**

1- शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर भारत के नागरिकों से सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

पद कोड	पद का नाम और वर्गीकरण	रिक्तियों की संख्या और श्रेणी	वेतन लेवल (7 वीं CPC के अनुसार)	योग्यता और अनुभव	अधिकतम आयु (आवेदन की अंतिम तिथि 06 फ़रवरी 2023 तक)
A	सहायक निदेशक	1 पद अनारक्षित	लेवल -10 सेल -1 (56100 रुपये से 177500 रुपये तक)	**अनिवार्य :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में कम से कम द्वितीय श्रेणी की डिग्री व कम से कम **पांच** वर्ष का फील्ड अनुभव । **वांछनीय:** उद्योग में व्यावहारिक प्रशिक्षण का व्यवस्था कराने और / अथवा पर्यवेक्षण का अनुभव।	45 वर्ष
B	अवर आशुलिपिक	1 पद अनारक्षित और 1 पद अ0पि0जा0 नॉन-क्रीमिलेयर	लेवल-4 सेल -1 (25500 रुपये से 81100 रुपये तक)	**अनिवार्य :** मैट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष, शॉर्ट हैंड स्पीड अंग्रेजी में 100 शब्द प्रति मिनट व टाइपिंग स्पीड कंप्यूटर पर 40 शब्द प्रति मिनट	30 वर्ष
C	प्रवर श्रेणी लिपिक	1 पद अनारक्षित	लेवल-4 सेल -1 (25500 रुपये से 81100 रुपये तक)	**अनिवार्य :** स्नातक। अंग्रेजी और हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान। **वांछनीय:** 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी में टंकण का ज्ञान, सरकारी या गैर सरकारी कार्यालय में 5 वर्ष का अनुभव।	32 वर्ष
D	अवर श्रेणी लिपिक	1 पद ईडब्ल्यूएस और	लेवल-2 सेल-1 (19900 रुपये	**अनिवार्य :** मैट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष, अंग्रेजी में टाइपिंग स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट	30 वर्ष

		1 पद अ0पि0जा0 नॉन-क्रीमिलेयर	से 63200 रुपये तक)		

2-सामान्य सूचना:-

(i) इस विज्ञापन के प्रथम पृष्ठ की तालिका में आरक्षण न दर्शाये जाने के बावजूद दिव्यांगों (PwD) को मेरिट में आने पर उचित महत्व दिया जायेगा।

(ii) अहर्ता पूर्ण करने मात्र से अभ्यर्थी परीक्षा / साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने का हकदार नहीं होगा।

(iii) BOAT (NR), कानपुर को परीक्षा / साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने का अधिकार है। साक्षात्कार आदि के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए आवश्यक शॉर्टलिस्टिंग में उच्चतर योग्यता/अंक/प्रासंगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जा सकती है।

(iv) BOAT (NR), कानपुर को सम्पूर्ण विज्ञापन या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये निरस्त करने या पदों को न भरने का अधिकार है और यह निर्णय अन्तिम होगा।

(v) SC/ST/OBC – NCL (यदि लागू हो) श्रेणी के अभ्यर्थियों को भारत सरकार व्दारा निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(vi) BOAT (NR), कानपुर भारत सरकार के आरक्षण मानदण्डों को लागू करता है। भारत सरकार व्दारा SC/ST/OBC श्रेणी की मान्य/स्वीकृत सूची BOAT (NR) कानपुर में लागू है।

(vii) विशेष मामलों में BOAT (NR), कानपुर को शैक्षिक योग्यता/अनुभव में छूट देने का अधिकार है।

(viii) परीक्षा/साक्षात्कार/सत्यापन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता/डी.ए. का भुगतान नहीं किया जायेगा।

(ix) आयु एवं अन्य अर्हता (शैक्षिक एवं अनुभव) की गणना ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि जो कि 06 फ़रवरी 2023) है, के आधार पर की जायेगी। अनुभव की गणना आवश्यक शैक्षिक योग्यता की प्राप्ति के बाद ही की जायेगी।

(x) उपरोक्त रिक्तियों में फेरबदल किया जा सकता है जो अस्थायी है। निदेशक, शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर को यह अधिकार है कि वह भारत सरकार के नियमों एवं आवश्यकता अनुरूप रिक्तियों में जिसमें आरक्षित रिक्तियाँ भी शामिल हैं, परिवर्तन कर सकेगा।

(xi) जो अभ्यर्थी केन्द्र/राज्य/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी संस्थाओं के सेवा में है, उन्हें क्रम संख्या - 1 (A) पर अंकित पदों हेतु साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, तथा अन्य पदों जो क्रम संख्या 1(B से C) पर अंकित हैं, को अभ्यर्थियों के लिए प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।

(xii) यदि कोई अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता समतुल्य होने का दावा करता है तो यह अभ्यर्थी की जिम्मेदारी होगी कि वह समतुल्य होने के समर्थन में (पत्र संख्या व दिनांक सहित आदेश) उचित दस्तावेज/प्रमाण पत्र जो भारत सरकार या सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, प्रस्तुत करे अन्यथा उसका प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

(xiii) परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह से अस्थायी है और केवल प्रवेश पत्र जारी करना या परीक्षा में उपस्थित होना उसे पद के लिए किसी भी दावे का हकदार नहीं बनाता है।

(xiv) यदि विज्ञापन के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

(xv) नियोक्ता से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र में वेतनमान/वेतन बैंड और ग्रेड वेतन, रोजगार की अवधि, पदनाम (पोस्ट), या उम्मेदवार नियमित/अंशकालिक/तदर्थ/अनुबंध पर है, के बारे में उल्लेख होना चाहिए, जिसका आवेदक ने अपने आवेदन में

दावा किया है। दावा किए गए अनुभव के समर्थन में निर्णायक दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना आवेदकों की जिम्मेदारी है, जिसके बिना उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xvi) चयन से संबन्धित समय सारणी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल द्वारा तथा BOAT (NR) वेबसाइट के माध्यम से दिया जाएगा।

(xvii) इस विज्ञापन और या इसके सापेक्ष आवेदन से संबन्धित किसी मामले या दावे से संबन्धित वाद / कानूनी कार्यवाही सिर्फ कानपुर नगर में दायर किया जा सकेगा ।

(xviii) यदि श्रेणी/शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आदि के लिए कोई प्रमाणपत्र/अन्य दस्तावेज अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो उम्मीदवार को अंग्रेजी या हिंदी में उसकी स्व-प्रमाणित अनुवादित प्रति जमा करनी चाहिए।

(xix) उम्मीदवारों से अनुरोध है कि भर्ती के संबंध में अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से BoAT(NR) की वेबसाइट www.boatnr.org देखें।

(xx) जो अभ्यर्थी इस विज्ञापन के तहत आवेदन कर रहे हैं, उन्हें अपने आपको सन्तुष्ट करना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे है, पूर्णतया योग्य हैं और योग्यता की कसौटी पर दिनांक 06.02.2023 या इसके पूर्व पूर्णरूप से पात्र हैं अन्यथा उनका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

<u>संकेताक्षर:-</u>

SC : अनुसूचित जाति, ST : अनुसूचित जन जाति, PWD : शारीरिक रूप से विकलांग/दिव्यांग, OBC : अन्य पिछड़ी जाति, EWS: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, NCL : नॉन-क्रीमिलेयर, BOAT (NR) : शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर।

3. <u>आवेदन कैसे करें:-</u>

(i) उम्मीदवारों को वेबसाइट www.boatnr.org के "भर्ती" अनुभाग में दिए गए लिंक पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन भरना आवश्यक है। आवेदन पत्र भरने की चरणबद्ध प्रक्रिया के लिए कृपया वेबसाइट www.boatnr.org के "भर्ती" अनुभाग में दिए गए अलग लिंक पर "ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश" देखें।

(ii) भरे हुए आवेदन के प्रिंटआउट के प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षरित एवं निहित स्थान पर पासपोर्ट आकार की तस्वीर चिपकाकर और शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) के साथ और जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और श्रेणी (यदि लागू हो) से संबन्धित स्व-सत्यापित दस्तावेजों को निदेशक, शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), 16/1-ए, लखनपुर, कानपुर-208024 (उत्तर प्रदेश) भेजा जाये ताकि आवेदन 16.02.2023 **(**शाम 06:00 बजे तक) तक पहुंच सकें। **लिफाफे के ऊपर बड़े अक्षरों में आवेदित पद का नाम लिखा होना चाहिए**

(iii) जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें सभी पदों हेतु अलग आवेदन, आवेदन शुल्क के साथ देना होगा।

4. <u>आवेदन शुल्क एवं भुगतान प्रक्रिया:-</u>

आवेदकों को डिमांड ड्राफ्ट "DIRECTOR BOARD OF APPRENTICESHIP TRG.(N.R.) KANPUR" के पक्ष में देय निम्नलिखित आवेदन शुल्क का भुगतान करना है:

समूह 'क' पद	क्रम संख्या-1 (A) पद हेतु	रू0 1000/- [आवेदन शुल्क रु.700/- और प्रोसेसिंग शुल्क रु.300/-]
समूह 'ग' पद	क्रम संख्या-1 (B से D) पद हेतु	रू0 500/- [आवेदन शुल्क रु.200/- और प्रोसेसिंग शुल्क रु.300/-]

दिव्यांग (PwD)/SC/ST के लिए	प्रोसेसिंग शुल्क रु.300/- [अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार जो आरक्षित / अनारक्षित पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है यद्यपि प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान करना पड़ेगा। संबंधित प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करें]

5. आयु सीमा, अनुभव एवं अनिवार्य अर्हता के लिए निर्णायक तिथि

(i) इस सूचना के क्रम संख्या-1 में प्रत्येक पदों के लिए आवश्यक अर्हता एवं आयु सीमा वर्णित है।

(ii) ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 06.02.2023 ही आयु एवं अनिवार्य अर्हता/अनुभव हेतु निर्णायक तिथि मानी जायेगी। अनुभव की गणना आवश्यक शैक्षिक योग्यता की प्राप्ति के बाद ही की जायेगी।

6. आयु सीमा में छूटः-

(i) आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमानुसार होगी, अधिकतम आयुसीमा की छूट इसे आवेदन पत्र में उचित कैटेगरी कोड के अन्तर्गत मांग करने पर अभ्यर्थी को प्रदान की जायेगी।

(ii) विभागीय अभ्यर्थियों को 57 वर्ष तक आयु सीमा की छूट दी जायेगी यद्यपि उन्हें आवश्यक अर्हता में कोई छूट प्रदान नहीं की जायेगी।

(iii) सामान्य श्रेणी के रिक्त पद के लिए आवेदन कर रहे अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आयु में कोई छूट लागू नहीं होगी ।

7. आवेदन पत्र निरस्त किये जाने के कारणः-

निम्नलिखित में से सभी या किसी एक कारण से अभ्यर्थी का आवेदन पत्र नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर निरस्त करने योग्य होगा:-

(i) अपूर्ण आवेदन पत्र
(ii) निर्देशानुसार शुल्क के भुगतान न होने की दशा में।
(iii) कम आयु या अधिक आयु के अभ्यर्थी होने की दशा में।
(iv) अन्तिम तिथि को अनिवार्य शैक्षिक योग्यता, अनुभव या दर्शायी गयी श्रेणी न होने की दशा में।
(v) अधूरी सूचना/ गलत सूचना या तथ्यों को छिपाये जाने की दशा में।
(vi) परीक्षा केन्द्र/ कक्ष में मोबाईल फोन, घड़ी और/या इलेक्ट्रोनिक उपकरण साथ में पाये जाने की दशा में।
(vii) किसी अन्य अनियमितता पाये जाने की दशा में।

8. चयन का तरीका:

चयन निम्न आधार पर किया जाएगा:

समूह 'क' के लिए: वस्तुनिष्ठ परीक्षा(ऐं) (यदि आवश्यक हो) और/या साक्षात्कार;

समूह 'ग' के लिए: वस्तुनिष्ठ परीक्षा(ऐं) और/या कौशल परीक्षा

प्रत्येक पद के लिए चयन प्रक्रिया का विवरण बाद में अधिसूचित किया जाएगा।

परीक्षाऐं :

(i) परीक्षा/साक्षात्कार आयोजन का केंद्र कानपुर में होगा ।

(ii) उम्मीदवारों के पास मूल आधार कार्ड / कोई अन्य सरकारी पहचान पत्र होना चाहिए। ऐसा न होने पर परीक्षा केंद्र पर उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iii) कैल्कुलेटर, लैपटॉप, पामटॉप, अन्य डिजिटल उपकरण/मोबाइल/सेल फोन, पेजर/इलेक्ट्रॉनिक घड़ियों के प्रयोग की अनुमति नहीं है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास कोई गैजेट/उपकरण पाया जाता है, तो उसे परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी शुरू की जा सकती है ।

(iv) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त में से कोई भी गैजेट परीक्षण केंद्र में न लाएं क्योंकि केंद्रों पर इन वस्तुओं को रखने या उनकी सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी।

(v) परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को अपनी यात्रा और ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी और वे किसी प्रतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे।

(vi) वस्तुनिष्ठ परीक्षा पाठ्यक्रम पर आधारित होगी जो वेबसाइट पर बाद में उपलब्ध होगी।

(vii) परीक्षा की तिथि बाद में अधिसूचित की जाएगी।

(vili) BOAT(NR) को कोई भी परीक्षा केंद्र आवंटित करने का अधिकार है।

ध्यान दें:

क) केवल भाषा के प्रश्नपत्रों को छोड़कर जो केवल उसी भाषा में होंगे शेष विषयों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) होंगे ।

ख) उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है।

9- चयन मापदंड :

(i) वस्तुनिष्ठ परीक्षा के अंकों के आधार पर, न्यूनतम कट-ऑफ अर्हक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों जो योग्यता के क्रम में लागू हो, को कौशल परीक्षा और/या व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की संख्या सामान्यतः पहली रिक्ति के लिए 12 (बारह) और प्रत्येक बाद की रिक्ति के लिए 05 (पांच) होगी। हालांकि, BOAT(NR) को उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाने या घटाने का अधिकार है।

(ii) वस्तुनिष्ठ परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक सामान्य (अनारक्षित) / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी के लिए 45% और एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए 40% होंगे।

(iii) अंतिम स्लॉट पर दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के अंक बराबर होने की स्थिति में, समान अंक वाले सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

(iv) कौशल परीक्षा को पास करना अनिवार्य होगा। अंतिम चयन उम्मीदवार द्वारा वस्तुनिष्ठ परीक्षा और/या साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर होगा (जहाँ आवश्यक हो) ।

(v) अंतिम योग्यता सूची में, यदि एक ही श्रेणी में समान अंक वाले दो या दो से अधिक उम्मीदवार हैं:

(a) तो यदि वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंक समान हैं तो उच्च योग्यता रखने वाले उम्मीदवार को अंतिम योग्यता सूची में ऊपर रखा जाएगा।

(b) यदि वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंक और योग्यताएं भी समान हैं, तो उच्चतम योग्यता में उच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को अंतिम योग्यता सूची में उच्च स्थान दिया जाएगा।

10. चयन के बाद:

(i) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति पद के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट पाए जाने के अधीन होगी। नियुक्ति चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के अधीन होगी।

(ii) नियुक्ति आगे प्रासंगिक प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगी।

11. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई:

उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरते समय कोई भी गलत विवरण न दें या किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को न छिपाएं। उम्मीदवारों को यह भी चेतावनी दी जाती है कि उन्हें किसी भी स्थिति में प्रस्तुत किए गए दस्तावेज़ या प्रमाणित प्रति में किसी भी प्रविष्टि को बदलने या अन्यथा छेड़छाड़ करने का प्रयास नहीं करना चाहिए और न ही उन्हें कोई छेड़छाड़ / गढ़ा हुआ दस्तावेज़ जमा करना चाहिए।

निम्नलिखित में से किसी भी गतिविधि में लिप्त पाए जाने वाले उम्मीदवार के उम्मीदवारी को भर्ती के किसी भी स्तर पर सरसरी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा: -

(i) परीक्षा केंद्र के परिसर के भीतर मोबाइल फोन, घड़ी और/या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, चाहे उपयोग में हों या स्विच ऑफ मोड में यदि साथ हो।

(ii) कदाचार में शामिल पाये जाने पर ।

(iii) परीक्षा हॉल में अनुचित साधनों का प्रयोग करना।

(iv) किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना।

(v) किसी भी व्यक्ति द्वारा छदमरूप किए जाने की दशा मे ।

(vi) जाली दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज जमा करना जिनके साथ छेड़छाड़ की गई है।

(vii) ऐसे बयान देना जो गलत हैं या महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाना।

(viii) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अन्य अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेना।

(ix) BOAT(NR), कानपुर के पर्यवेक्षक, निरीक्षक या प्रतिनिधि के साथ परीक्षा हॉल में किसी अन्य तरीके से दुर्व्यवहार करना

(x) परीक्षा के संचालन के लिए BOAT(NR), कानपुर द्वारा नियोजित कर्मचारियों को डराना या शारीरिक नुकसान पहुंचाना।

(xi) परीक्षा हॉल से उत्तर पत्रक (ऑनलाइन/कौशल परीक्षा के प्रश्नपत्रों के मामले में) को अपने साथ ले जाना या परीक्षा के संचालन के दौरान अनधिकृत व्यक्तियों को देना।

(xii) नोटिस में उल्लिखित पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करना।

(xiii) भर्ती के किसी भी चरण में किसी अन्य आधार के लिए उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है जिसे BOAT (NR) उम्मीदवारी को रद्द करने के लिए पर्याप्त कारण मानता है।

(xiv) यदि कोई उम्मीदवार आपत्तिजनक/अपमानजनक/अभद्र भाषा/अश्लील तस्वीर का उपयोग करता है तो वह संबंधित अधिनियम के तहत आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

(xv) एक पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती के बाद या शामिल होने पर खारिज कर दी जाएगी, यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी झूठी है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती है और उम्मीदवार का रोजगार समाप्त कर दिया जाएगा।

12. अन्य महत्वपूर्ण बिंदु:

(i) उम्मीदवार को किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए ।

(ii) चयनित उम्मीदवार से BOAT(NR) के कर्मचारियों पर लागू आचरण और अनुशासन के नियमों को पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

(iii) चयनित उम्मीदवार को भारत में किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है।

(iv) नियुक्ति का प्रस्ताव अनंतिम होगा और सक्षम प्राधिकारी द्वारा योग्यताओं के सत्यापन के अधीन होगा।

(v) रिक्तियां अनंतिम हैं और परिवर्तन के अधीन हैं। निदेशक, BOAT(NR), कानपुर को आरक्षित रिक्तियों सहित रिक्तियों को बदलने का अधिकार हैं । इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए इस विज्ञापन में किसी भी संशोधन, रद्दीकरण और इस विज्ञापन में पूर्ण या आंशिक रूप से परिवर्तन का अधिकार है।

(vii) यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी या घोषणा झूठी पाई जाती है या यदि उम्मीदवार ने अपनी नियुक्ति से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को जानबूझ कर छुपाया है, तो उसे सेवा से हटाया जा सकता है और नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उचित समझी जाने वाली कार्रवाही की जा सकती है ।

(viii) उम्मीदवारों के चयन के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ix) चयन की प्रक्रिया में किसी भी अनजाने गलती के मामले में, जो नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी यदि किसी स्तर पर पता लगता है, बोर्ड को उम्मीदवार को किए गए किसी भी पत्राचार को संशोधित करने / वापस लेने / रद्द करने का अधिकार है।

(x) आवेदक दी गई जानकारी, उनके दस्तावेजों और फोटो की प्रामाणिकता के लिए जिम्मेदार होगा। किसी भी झूठे, नकली और/या तथ्यों को छिपाने/छिपाने से चयन/भर्ती को रद्द/निरस्त किया जा सकता है।

(xi) परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन और इसके परिणाम तथा इसके परीक्षण/साक्षात्कार में न बुलाए जाने के कारणों के संबंध में उम्मीदवारों के किसी भी पत्र-व्यवहार/प्रश्नों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xii) इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र केवल बोर्ड की वेबसाइट **www.boatnr.org** पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(xiii) किसी भी प्रकार का canvassing करने से अयोग्यता हो जाएगी।

निदेशक
शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र)
कानपुर